भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1962

जिसका उत्तर 14.12.2023 को दिया जाना है

पीएम गति शक्ति

1962. श्री रमेश चन्द्र कौशिक:

श्रीमती नवनित रवि राणा:

श्री सुनील कुमार पिन्टू:

श्रीमती लॉकेट चटर्जी:

श्रीमती गीता कोडा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा में 'प्रधानमंत्री गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के अंतर्गत परिवहन के विभिन्न साधनों के माध्यम से कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए अनुमोदित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उपर्युक्त योजनाओं के लिए योजना-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई; और

(ग) देश में विशेषकर महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा राज्यों में केनेक्टिविटी का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) और रोपवे का विकास भी शुरू किया है।

मंत्रालय द्वारा रारा, एमएमपीएल और रोपवे के विकास के लिए शुरू की गई सभी परियोजनाएं प्रधानमंत्री (पीएम) गति शक्ति - राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के सिद्धांतों के अनुरूप बनाई गई हैं। पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए सौंपी गई परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**राज्य**	**सौंपी गई रारा विकास परियोजनाओं की लंबाई (किमी)**		
		2021-22	**2022-23**	**2023-24 (नवंबर 2023 तक)**
1	महाराष्ट्र	1,324	914	440
2	बिहार	707	473	116
3	पश्चिम बंगाल	140	44	3
4	झारखंड	285	694	53
5	हरियाणा	91	441	30

नागपुर में एमएमएलपी के विकास के लिए एक परियोजना नवंबर, 2023 में सौंपी गई है।

(ख) पीएम गति शक्ति एनएमपी के तहत मंत्रालय द्वारा अलग से कोई निधियां आवंटित नहीं की जाती है। पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा में रारा, एमएमएलपी और रोपवे की विकास परियोजनाओं पर आवंटित निधि और व्यय का विवरण निम्नानुसार है: -

क्र.सं.	**राज्य**						**करोड़ रु. में**
		आवंटन	**व्यय**	**आवंटन**	**व्यय**	**आवंटन**	**व्यय**
		2021-22	***2021-22***	***2022-23***	***2022-23***	***2023-24 (अक्टोबर 2023 तक)***	***2023-24 (अक्टोबर 2023 तक)***
1	महाराष्ट्र	18,601	18,601	18,288	18,288	9,670	8,679
2	बिहार	9,168	9,102	9,346	9,346	4,787	4,100
3	पश्चिम बंगाल	3,670	3,609	3,003	3,003	1,483	1,297
4	झारखंड	2,776	2,776	3,108	3,075	2,186	2,136
5	हरियाणा	7,217	7,203	3,924	3,924	2,254	2,085

(ग) पिछले दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा सहित देश में रारा के विकास और निर्मित रारा की लंबाई के लिए सौंपी गई परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

'पीएम गति शक्ति' के संबंध में श्री रमेश चन्द्र कौशिक, श्रीमती नवनित रवि राणा, श्री सुनील कुमार पिन्टू, श्रीमती लॉकेट चटर्जी और श्रीमती गीता कोडा द्वारा पूछे गए दिनांक 14.12.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1962 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

"पिछले दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा सहित देश में रारा के विकास और निर्मित रारा की लंबाई के लिए सौंपी गई परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण"

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021-22		2022-23		2023-24 (नवंबर 2023 तक)	
		सौंपना (किमी)	निर्माण (किमी)	सौंपना (किमी)	निर्माण (किमी)	सौंपना (किमी)	निर्माण (किमी)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	39	0	25	0	6
2	आंध्र प्रदेश	1,061	347	1,329	438	258	312
3	अरुणाचल प्रदेश	14	206	41	320	13	172
4	असम	223	318	574	310	32	59
5	बिहार	707	576	473	488	116	171
6	चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0
7	छत्तीसगढ	327	320	266	243	160	143
8	दिल्ली	61	5	0	43	0	18
9	गोवा	37	65	1	16	7	4
10	गुजरात	518	249	312	658	182	187
11	हरियाणा	91	290	441	358	30	137
12	हिमाचल प्रदेश	236	146	266	139	33	112
13	जम्मू और कश्मीर	287	263	120	217	84	115
14	झारखंड	285	298	694	245	53	99
15	कर्नाटक	763	419	837	393	142	326
16	केरल	338	76	164	171	29	34
17	लद्दाख	0	0	0	51	0	76
18	मध्य प्रदेश	805	871	1,007	667	214	261
19	महाराष्ट्र	1,324	1,534	914	1,087	440	764
20	मणिपुर	351	221	192	269	5	41
21	मेघालय	126	26	151	98	0	51
22	मिजोरम	189	239	58	205	16	72
23	नगालैंड	154	254	152	236	0	50
24	ओडिशा	348	544	247	410	83	105
25	पुदुचेरी	11	0	0	0	0	0
26	पंजाब	1,169	150	320	274	43	111
27	राजस्थान	516	722	1,034	715	222	440
28	सिक्किम	23	45	27	49	0	24
29	तमिलनाडु	515	470	431	690	128	388
30	तेलंगाना	410	236	984	172	25	237
31	त्रिपुरा	28	181	39	204	0	16
32	उत्तर प्रदेश	1,311	824	1,011	642	391	486
33	उत्तराखंड	352	354	248	219	108	101
34	पश्चिम बंगाल	140	169	44	284	3	129
35	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0
36	दमन और दीव	10	0	0	0	0	0
	कुल	**12,721**	**10,418**	**12,376**	**10,306**	**2816**	**5248**

*****